तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025



10 सामाजिक शिक्षा पर दें जोर : इन्द्रकुमार





12 महानदी की थमी धार, अंतिम संस्कार में पहुंचे लोग...







**आवश्यकता है**

कम्प्यूटर वर्क/ऑफिस वर्क के लिए फीमेल स्टॉफ/लड़कियां एवं सेल्स गर्ल कपड़े एवं रेडिमेड के लिए आवश्यकता है

: संपर्क करें :

**काका होजियरी**

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

**9893744470**


## बदलाव : गौरी शंकर कश्यप ने चेंबर में प्रवेश से पहले कराए विशेष अनुष्ठान

# गौ मूत्र से चेंबर की शुद्धि, पूजन के बाद गरियाबंद जिपं अध्यक्ष ने संभाली कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद/मैनपुर

जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने सोमवार को अपने कार्यकाल की औपचारिक शुरुआत कर दी। लेकिन उनका चेंबर संभालने का तरीका आम नेताओं से बिल्कुल अलग और अनोखा रहा। चेंबर में प्रवेश से पहले उन्होंने अपने आध्यात्मिक गुरु कथावाचक पंडित युवराज पांडेय की मौजूदगी में हवन-पूजन कराया। यही नहीं, कार्यालय को सकारात्मक ऊर्जा से भरने के लिए गौ मूत्र से चेंबर का शुद्धिकरण भी किया गया। इसके साथ ही, फेंगशुई और वास्तु का भी ध्यान रखा गया। मुख्य टेबल और चेयर की दिशा बदलकर उसे उत्तरमुखी से पूर्वमुखी कर दिया गया। चेंबर में प्रवेश के दौरान पंडित युवराज पांडेय ने उन्हें तिलक लगाया और पारंपरिक पगड़ी पहनाकर नए चेयर पर बैठाया। इस शुभ अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, देशबंधु नायक, नंदिनी ओंकार साहू और नंदिनी ढीढि समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।


■ टेबल और चेयर की बदली दिशा, उत्तरमुखी से पूर्वमुखी किया

गरियाबंद जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने सोमवार को अपने कार्यकाल की शुरुआत आध्यात्मिक रीति-रिवाजों के साथ की। चेंबर में प्रवेश से पहले उन्होंने गौ मूत्र से शुद्धिकरण कराया और अपने आध्यात्मिक गुरु पंडित युवराज पांडेय की अगुवाई में हवन-पूजन संपन्न करवाया। इसके बाद उन्होंने चेंबर की मुख्य टेबल और चेयर की दिशा बदलकर उसे वास्तु अनुसार पूर्वमुखी कराया। पारंपरिक तिलक और पगड़ी पहनने के बाद उन्होंने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। इस अनोखे अंदाज ने सभी का ध्यान खींचा और उनके कार्यकाल की शुरुआत को यादगार बना दिया।



### दिव्यांगजनों को समर्पित कार्यकाल का पहला सप्ताह

गौरी शंकर कश्यप ने चेंबर संभालते ही अपने कार्यकाल के पहले सप्ताह को दिव्यांग जनों के लिए समर्पित कर दिया। सहायक अधिकारी नागेश के साथ बैठक कर उन्होंने विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम तय किया। ऐसे दिव्यांग जन जो योजनाओं के पात्र होने के बावजूद लाभ से वंचित हैं, उनकी सूची तैयार की जाएगी। ट्राई साइकिल, मोटर ट्राई साइकिल, वॉकर और अन्य उपकरण इसी हफ्ते पात्र हितग्राहियों को वितरित किए जाएंगे। दिव्यांगों को पेंशन, लोन और स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। सभी योजनाओं का लाभ दिव्यांगों तक शीघ्र पहुंचे, इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।



### पहले ही दिन दिखाया दम

गौरी शंकर कश्यप के पहले दिन की कार्यशैली ने यह संकेत दे दिया है कि वे पारंपरिक राजनीति से हटकर जनता की वास्तविक समस्याओं पर फोकस करेंगे। आध्यात्मिकता, सामाजिक सेवा और विकास कार्यों का यह अनोखा मिश्रण आने वाले दिनों में किस तरह जनता को प्रभावित करता है, यह देखने वाली बात होगी।

### बांगटी जोर नाला पर पुल बनने का रास्ता साफ

कार्यभार संभालते ही कश्यप ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। खासतौर पर धुरुवागुड़ी-डूमाघाट पीएम सड़क मार्ग पर स्थित बांगटी जोर नाला पर पुल निर्माण की मांग को प्राथमिकता दी गई। क्षेत्र क्रमांक 9 के फरसरा गांव के ग्रामीणों ने जनसंपर्क के दौरान बारिश के दिनों में पुल के अभाव में होने वाली परेशानियों को रखा था। कश्यप ने इस विषय पर पीएमजीएसवाई विभाग के एसडीओ कमलेश चंद्राकर से चर्चा कर पुलिया निर्माण को कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए। इसके अलावा चकमाल गांव में पेयजल समस्या के समाधान के लिए PHED अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# लो-वोल्टेज की समस्या दूर नहीं हुई तो ग्रामीण करेंगे आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के किसान, व्यापारी, छात्र, आम जनता लगातार लो - वोल्टेज के चलते बेहद परेशान हो गए हैं क्षेत्र में बिजली का वोल्टेज इतना काम हो गया है की पंखा भी नहीं चल पा रहा है लगातार गर्मी बढ़ रही है पंखा कूलर नहीं चल पाने के कारण स्कूली छात्र-छात्राएं एवं आम जनता परेशान हो गए हैं। इन दिनों छात्र-छात्राओं की बोर्ड परीक्षा संचालित हो रही है और छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में सिंचाई का कोई साधन नहीं है कई किसानों ने अपने खेतों में ट्यूबवेल के माध्यम से ग्रीष्मकालीन रवि फसल धान, मक्का, गेहूं की फसल ले रहे हैं लेकिन लो वोल्टेज के कारण मोटर पंप नहीं चलने से धान की फसल सूख रही है किसान बेहद परेशान हो गए हैं। लगातार किसान इस समस्या से बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत करा रहे हैं लेकिन समस्या का अब तक समाधान नहीं किया गया और तो और कई गांव में बिजली ट्रांसफार्मर खराब पड़ी हुई है इसके सुधार में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आज सोमवार को किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल नारेबाजी करते हुए बिजली कार्यालय मैनपुर पहुंची लेकिन बिजली कार्यालय में कोई भी अधिकारी नहीं होने के कारण एसडीएम मैनपुर पहुंच कर एक ज्ञापन सौंप एक सप्ताह के भीतर बिजली व्यवस्था ठीक करने एवं लो वोल्टेज को ठीक करने का मांग किया गया है नहीं तो उग्र आंदोलन धरना प्रदर्शन चक्काजाम करने की चेतावनी किसानों ने दिया है। किसान नेता खेदु नेगी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेन्दु यादव गोपालपुर के उपसरपंच पारेश्वर नेगी ने कहा यदि एक सप्ताह के अंदर मैनपुर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था ठीक नही किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा जिसकी


▸▸| शेष पेज 10 पर


■ एसडीएम को किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, लिकेश यादव,नेयाल नेताम, लोकनाथ साहू, राजेन्द्र कुमार साहू, थानु पटेल, राजेश साहू, महेंद्र फरस,शीतल नेगी, खोलू राम कोमर्रा, सालिक राम, मोटू यादव, गंगा राम जगत, महेंद्र सिन्हा, संतोष नागेश, लालू प्रजापति, भारत ठाकुर, टीकम कपील, मोहन सिंह, भागवत कुमार, नंदकिशोर पटेल उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### नवागांव में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**भेण्डरी।** बड़ी करेली पुलिस चौकी के अंतर्गत नवागांव में होली के दिन 18 साल के लोचन निषाद की हत्या ओमप्रकाश ध्रुव ने चाकु मारकर कर दिया। इस घटना के तत्काल बाद आरोपी मौके से फरार हो गया जबकि घायल लोचन को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 14 मार्च दोपहर करीब 3 बजे मृतक लोचन निषाद पिता व्यास निषाद उम्र 18 वर्ष अपने अन्य साथियो के साथ पार्टी मनाने के लिए नवागांव महानदी किनारे आये थे। वे खाना बनाकर खा रहे थे उसी समय अचानक आरोपी ओमप्रकाश ध्रुव पिता स्व० कृपाराम ध्रुव नवापारा के वार्ड नं० 19 के रहने वाले पहुंच गया वे भी साथ में बैठकर खाना खाया। जानकारी के मुताबिक आरोपी के मन में पूर्व रंजिश के चलते अपने पास रखे धारदार चाकु को निकाला और वार कर दिया। जिससे युवक लोचन निषाद की मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस घटना की रिपोर्ट थाना नवापारा में की गई। जिसे थाना मगरलोड को स्थनांतरित किया गया। पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश ध्रुव को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जिन्होने इस घटना को अंजाम देना स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त धारदार चाकु व घटना के समय पहने हुये टी-शर्ट को झाड़ी झुरमुट से निकालकर पेश किया जिसे गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### गायत्री मंदिर में होली मिलन समारोह 19 को

**फिंगेश्वर।** नगर विकास संघर्ष समिति फिंगेश्वर के तत्वाधान में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन रंग पंचमी के अवसर पर 19 मार्च को सुबह 9.00 बजे से गायत्री मंदिर परिसर में रखा गया है। नगर के सभी नाकरिकों को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी संस्था के सहसचिव अशोक साहू ने दी है।

# आए दिन रेल इंजन के ट्रायल से लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम



नए रेल्वे लाइन में इन दिनों ट्रायल के रूप में आए दिन रेल का इंजन चलाया जा रहा है। इंजन के चलाने का कोई टाइम टेबल निश्चित नहीं किया गया है और न ही इसकी कोई पूर्व सूचना जिम्मेदारों द्वारा दी जाती है। कभी दोपहर में तो कभी शाम के समय नेशनल हाइवे 130 में अभनपुर-नवापारा के बीच बस स्टेण्ड नवापारा के पास रेल्वे क्रासिंग में बेरियर गिरा दिया जाता है। बेरियर के गिरते ही दोनों साईड लंबा जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। जाम से लोग हलाकान हो जाते है। सोमवार शाम अचानक ऐसे ही बेरियर गिरा दिया गया और दोनो साईड करीब 15 से 20 मिनट तक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इस जाम में छोटी-बड़ी हर तरह की गाड़ियां खड़ी हो गई। यात्री बसे, मालवाहक वाहन से लेकर अस्पतालों के लिए चलने वाले एंबुलेंस के पहिए भी इसमें थम गए। रेल्वे के प्रोजेक्ट मैनेजर विनय सिंह से पूछे जाने पर उन्होने कहा कि अभी ट्रायल चल रहा है इसलिए अचानक बेरियर गिराना पड़ रहा है चूंकि ये जो ट्रेन है हाईस्पीड है इसलिए समय से पूर्व गिराना पड़ता है। ट्रायल के बाद टाइमिंग के सुनिश्चित हो जाने पर सभी को मालूम पड़ जाएगा कि ट्रेन का टाइम क्या रहेगा। बहरहाल लोग अचानक जाम हो जाने से काफी परेशान हो जाते है।

## राजिम की महिला स्वीपर सरस्वती का बड़ा कलेजा

# नहीं डरती मरघट व लाशों से, पोस्ट मार्टम के लिए करती हैं चीर-फाड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

मरघट चाहे कहीं का भी हो एकबारगी मन में डर तो समा ही जाता है। फिर लाशो की बात तो पूछो ही मत ! लाश और मरघट का नाम सुनते ही अच्छे से अच्छो की पसीना निकल आता है। चाहे वह कितनो ही बड़ा गुंडा या दादा हो। हम यहां एक ऐसी महिला की बात कर रहे है जो अपने 10 साल के कार्य अवधि में सैकड़ों पीएम के लिए लाश का चिरफाड़ कर चुकी है। जी हां राजिम में 55 साल की महिला स्वीपर सरस्वती न तो मरघट से डरती है और न ही लाशों से भय खाती है। एक तरह से इनका जीवन लाशों के चिरफाड़ और मरघट में ही बीत रहा है। महिला होने के बावजूद कलेजा इनका काफी बड़ा है। सोमवार को एक अंतिम संस्कार के दौरान मुक्तिधाम में इस महिला से मुलाकात हरिभूमि की टीम से हो गई। पूछने पर कि क्या नदी किनारे एकदम सुनसान स्थल मरघट में डर नहीं लगता? बड़ी दिलेरी के साथ जवाब देती है एक दिन तो सबको मरना है फिर डर काहे का! बातचीत के दौरान बताई कि जब लाश आती है तो थानेदार या डॉ. का फोन आता है, वे तुरंत अपने औजार तथा आवश्यक सामान लेकर चीरघर पहुंच जाती है और


▸▸| शेष पेज 10 पर


■ लाशों की चीर-फाड़ से चलता है परिवार

### जहां भी बुलाया जाता है चली जाती है सहर्ष



उनसे पूछा गया कि इस काम की शुरूआत जब उन्होने की तो उन्हें कैसा अहसास हुआ? बहुत ही सरल और सीधा जवाब देते हुए कहने लगी कि वह मुलतः निषाद परिवार से है। वे बाजार में जब अपने पिताजी के साथ मछली बेचने जाया करती थी तो मछली के पीस काटते-काटते खून देखते-देखते उनके आदम में शुमार हो गई। इसलिए न तो उन्हें मन में घृणा आती है, न डर लगता है और आगे चलकर वह राजिम में जब एक स्वीपर से शादी कर ली तो उसके बाद तो मानो यही उनके लिए रोजगार बन गया। आज हर कोई सरस्वती से वाकिफ है। राजिम में जितने भी डॉक्टर आए, थानेदार आए सभी के जुबां पर सरस्वती का नाम दर्ज है। मौका पड़ने पर सरस्वती को जिला मुख्यालय गरियाबंद सहित छुरा या जहां भी बुलाया जाता है वे सहर्ष चली जाती है। बता दें कि सरस्वती काफी डेयरफुल महिला है। राजिम में काफी दूर महानदी किनारे मरघट स्थल में वे रोज साफ-सफाई के लिए पहुंचती है। चाहे वह गर्मी हो, ठंडकाला हो या फिर बारिश का समय। बारिशकाल में नदी किनारे का यह मरघट सांय-सांय करता है। बादल गरजता है, बिजली चमकती है और बारिश के बीच वह पहुंचकर अपनी सफाई की जिम्मेदारी को पूरा करती है।





नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

# साउथ बिहार एक्सप्रेस के एसी कोच में चूहों ने बनाया बिल, यात्रियों का सामान कर रहे बर्बाद

## कोच में बने बिल से निकलकर खाने की तलाश में यात्रियों के सामान कुतर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंडल की प्रमुख ट्रेनों में से एक साउथ बिहार एक्सप्रेस में चूहों के आतंक से यात्री और रेलवे प्रशासन दोनों ही परेशान हैं। ट्रेन में चूहे न केवल यात्रियों का सामान बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि सीटों को भी कुतरने लगे हैं। चूहों से परेशान यात्री अब वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने लगे हैं, जो अब देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। हाल ही में प्रशांत कुमार नामक यात्री ने सेंकंड एसी कोच में चूहे दौड़ने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था, जिसे रेलवे बोर्ड को भी टैग किया गया था। वीडियो में देखा जा सकता है कि कोच में कई छोटे चूहे थे, जो चादर और सीट पर रेंग रहे थे। खास बात ये भी है कि कोच में चूहों ने अपना बिल बना लिया है और वे खाने की तलाश में यात्रियों के सामान से लेकर सीटों के नीचे तक पहुंच रहे हैं। यात्री ने अपनी शिकायत में लिखा, पीएनआर 6649339230, ट्रेन 13288, कोच ए-1 में कई चूहे हैं। चूहे सीटों और सामान पर चढ़ रहे हैं। क्या यही वजह है कि मैंने एसी-2 क्लास के लिए इतना पैसा चुकाया? यह स्थिति अब रेलवे प्रशासन के लिए एक गंभीर समस्या बन चुकी है।

खास खबर

- यात्री ने वीडियो बनाकर एक्स पर किया अपलोड
- रायपुर मंडल की प्रमुख ट्रेनों में शामिल है साउथ बिहार एक्सप्रेस

### पेस्ट कंट्रोल पर लाखों रुपए हो रहे खर्च

ट्रेनों के साथ-साथ चूहों का आतंक प्लेटफार्म पर भी बढ़ने लगा है। चूहे रेलवे की संपत्ति को बड़ा नुकसान न पहुंचा दें, इसकी चिंता रेलवे बोर्ड को भी है। यही वजह है कि मंडल और जोन में पेस्ट कंट्रोल पर रेलवे हर महीने लाखों रुपए खर्च कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, जोन की ट्रेनों में पेस्ट कंट्रोल के नाम पर महीने में 8 लाख से भी अधिक खर्च किए जा रहे हैं। सालाना 90 लाख से 1 करोड़ तक खर्च हो रहे हैं। हर दिनों पटरियों पर छिड़काव किया जा रहा है।






### इस तरह ट्रेनों में होता है छिड़काव

कीटनाशक छिड़काव के उद्देश्य से प्रत्येक ट्रेन के लिए एक शेड्यूल तैयार किया जाता है। छिड़काव से पहले, ट्रेन के हर कोच में ड्राई स्वीपिंग यानी झाड़ू लगाई जाती है। प्रभाव को बढ़ाने के लिए तय समय पर केमिकल बदला जाता है। पेंट्रीकार के मामले में प्लेटफॉर्म पर पूरे कोच को खाली कर लिया जाता है, फिर अच्छे से सफाई की जाती है, कोच में धुआं किया जाता है और फिर पेंट्रीकार को 48 घंटों के लिए सील कर दिया जाता है। यह सब निश्चित समय के अंतराल पर किया जाता है। रेलवे का मानना है कि कीटों और चूहों की इस नियंत्रण प्रक्रिया के कारण उसे अब तक काफी फायदा हुआ है।

### सफाई के बाद भी कोच तक पहुंच रहे चूहे

साउथ बिहार एक्सप्रेस जैसी अन्य ट्रेनों में भी चूहों को लेकर यात्रियों की शिकायतें रेलवे को पहले भी मिल चुकी हैं। स्लीपर क्लास के साथ-साथ अब एसी कोच में भी चूहों ने बड़ी संख्या में बिल बना लिए हैं। यात्रियों के अनुसार, जब ट्रेन खड़ी रहती है तो एसी कोच की छत से चूहे घुस आते हैं। रात होते ही वे सबसे पहले पेंट्रीकार या उस जगह पहुंच जाते हैं, जहां खाने-पीने का सामान रखा होता है। अंधेरा होने पर चूहे एसी कोच में यात्रियों के बर्थ तक पहुंच जाते हैं और कई बार तो उनके कपड़े तक कुतर चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### आदर्श मंडल ने नशामुक्त मनाया होली पर्व

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित राज ठेठवार परिवार चौक में आदर्श मंडल द्वारा नशामुक्त होकर होली पर्व मनाया गया। समिति के सभी लोगों ने एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आने जाने वाले के लिए ड्रम में रंग घोलकर सभी को रंगीन कर दिया। इसी दौरान बच्चे, बुजुर्गों ने भी फिल्मी गाने एवं फाग का खूब लुत्फ उठाया। सभी मस्ती में झूमने व थिरकने लगे। कार्यक्रम में गजेश यदु, प्रवीण झा, देवेंद्र शर्मा, राजकुमार पांडे, प्रवीण झा, ललित यदु, सत्येंद्र श्रीवास्तव, नवीन यदु, श्रीतिक आदि शामिल थे।

### नशामुक्त तरीके से होली मनाने किया प्रेरित



**रायपुर।** सामाजिक संस्था नशामुक्ति अभियान समिति द्वारा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कोटा में उत्साहपूर्वक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोगों को होली के त्योहार को पर्यावरण के प्रति जागरूक और नशामुक्त तरीके से मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में केमिकल रहित हरे, पीले और लाल गुलाल जैसे सूखे रंगों से होली खेली गई। नशामुक्ति अभियान समिति के संयोजक अधिवक्ता भगवानू नायक ने लोगों को होली के अवसर पर नशीले पदार्थों से दूर रहने और नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए संकल्प दिलाया। श्री नायक ने कहा, होली खुशियों का त्योहार है, लेकिन नशे के कारण कई बार खुशियां दुख में बदल जाती हैं। नशामुक्त होली हमारे समाज के लिए जरूरी है। हमें नशामुक्त होली मनाकर समाज को एक स्वस्थ और खुशहाल दिशा देनी चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और नशामुक्ति के संकल्प को मजबूती से अपनाया। समिति के जिला प्रभारी आशीष तांडी ने लोगों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाएं और अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

दोनों पैनल की सहमति से उम्मीदवार हुए तय

### सतीश अध्यक्ष, अजय महामंत्री और निकेश कोषाध्यक्ष के लिए संयुक्त उम्मीदवार तय

# चैंबर चुनाव में उलटफेर, संविधान संशोधन निरस्त, अमर नहीं लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव में नया मोड़ आ गया है। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद संविधान संशोधन निरस्त होने के बीच बदले हुए समीकरण में जय व्यापार पैनल और एकता पैनल में चुनाव लड़ने को लेकर समझौता हो गया है। इसके तहत अध्यक्ष पद के लिए सतीश थौरानी, महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए निकेश बरड़िया दोनों पैनल के संयुक्त उम्मीदवार तय किए गए हैं। व्यापारी एकता पैनल के सह चुनाव संचालक राजेश वासवानी ने बताया कि तीन दिन पूर्व व्यापारी एकता पैनल और जय व्यापार पैनल के बीच चुनाव लड़ने को लेकर आम सहमति बनी।

वरिष्ठजनों की मध्यस्थता में दोनों पैनल के वरिष्ठ सदस्यों के विचार-विमर्श के बाद अध्यक्ष पद के लिए सतीश थौरानी, महामंत्री पद के लिए अजय भसीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए नितेश बरड़िया का नाम तय किया गया। ये तीनों प्रत्याशी दोनों पैनलों के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। नामांकन पत्र तीनों प्रत्याशी एक पैनल से भरेंगे। इस आशय का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया, ताकि व्यापारी समाज में एकजुटता का संदेश जाए। अन्य निर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारी एवं जिलों के पदाधिकारियों का चयन गुण-दोष के आधार पर दोनों पैनल से किया जाएगा।







### अध्यक्ष-कोषाध्यक्ष एकता पैनल से

सहमति के आधार पर तय किए गए उम्मीदवारों में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सतीश थौरानी, कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार निकेश बरड़िया व्यापारी एकता पैनल से हैं। वे अध्यक्ष और महामंत्री पद के उम्मीदवार थे। वहीं महामंत्री पद के उम्मीदवार अजय भसीन जय व्यापार पैनल के महामंत्री पद के उम्मीदवार घोषित किए गए थे।

### चुनाव समिति की हुई बैठक

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा चुनाव समिति की आवश्यक बैठक बुलाई गई। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, प्रकाशचंद गोलछा, केसी माहेश्वरी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय जोशी, एचएस कर, एमएस रावते प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### इन जिलों में होगा चुनाव

प्रक्रिया के तहत प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के साथ ही रायपुर सहित 26 जिलों के लिए 10 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी, जिसमें भिलाई और रायपुर जिले में दो दिवसीय मतदान प्रक्रिया पूरी की जाएगी। रायपुर जिले के लिए 8 उपाध्यक्ष, 8 मंत्री, और सरगुजा, सूरजपुर, मनेंद्रगढ़ - चिरमिरी, भरतपुर, गौरेला-पेंड्रा, मरवाही, धमतरी, दंतेवाड़ा, कांकेर, रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, बिलासपुर, सक्ती, कोरबार जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बेमेतरा, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 1 उपाध्यक्ष और 1 महामंत्री पद के लिए मतदान होगा। साथ ही प्रदेश 3 पद अध्यक्ष, महामंत्री कोषाध्यक्ष के लिए सभी 27480 मतदाता मतदान करेंगे।

# अभनपुर-पाण्डुका सड़क निर्माण का मुद्दा विस में विधायक ने उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में अभनपुर से पाण्डुका तक सड़क निर्माण कार्य कामुद्दा उठा। राजिम विधायक रोहित साहू ने सड़क निर्माण में हो रही लेटलतीफी को लेकर सवाल उठाए। जिस पर डिप्टी सीएम तथा विभागीय मंत्री अरुण साव ने जवाब देते हुए कहा- 2023 में कार्य पूर्ण होना था। मुआवजा भुगतान, यूटिलिटी शिफ्टिंग की वजह से देरी हुई है। डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि ठेकेदार की राशि रोक दी गई है। अगर कहीं कमी या गड़बड़ी पाई जाती है, तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं विधायक अजय चंद्राकर ने गुणवत्ता जांच को लेकर सवाल उठाए। जिस पर डिप्टी सीएम ने बताया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता संतोषप्रद पाया गया है। **समय समाप्त परतु काम आधा अधूरा-** बता दं कि अभनपुर से पांडुका तक सड़क निर्माण का कार्य की लंबाई 35.900 किमी है। जिसकी लागत 102.98 करोड़ रुपए है। नियत तिथि की समय सीमा समाप्त हो चुकी है परंतु सड़क निर्माण का काम अब तक आधा अधूरा है। ठेलकाबांधा, डोंगीतराई गांव जैसे कई जगहों पर एक से डेढ़ किमी तक सड़क निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ।



### टोल नाका प्रस्तावित

जानकारी के अनुसार अभनपुर-पाण्डुक मार्ग में ग्राम पिपरौद के पास टोल नाका प्रस्तावित है। इस कारण रोड को इस हालत में छोड़ा गया है। यहां टोल प्लाजा बनाने का कार्यकिया जा रहा है।

### तहसील का दर्जा मिले फिंगेश्वर में जल्द कार्य प्रारंभ करने की मांग

# कृषि कॉलेज की मांग को विस में उठाने पर विधायक का स्वागत



**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर में कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र खोलने के लिए राजिम विधायक रोहित साहू द्वारा विधान सभा में प्रश्न उठाकर फिंगेश्वर में कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग रखने पर नगर विकास संघर्ष समिति फिंगेश्वर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधायक निवास पहुंचकर शाल श्रीफल से सम्मान कर उनका आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि अंचल के विकास के लिए वे कभी पीछे नही हटेंगे।उनका मकसद है कि शिक्षा एवं स्वास्थ के मामलों मे क्षेत्र मे कोई कमी न हो।

नगर विकास एवं संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत हरित ने बताया कि फिंगेश्वर में कृषि महाविद्यालय भवन निर्माण की शीघ्र मंजूरी मिले इस बाबत उनका प्रयास शीघ्र ही फलीभूत हो। कांग्रेस शासन काल में फिंगेश्वर को तहसील का दर्जा मिलने के बाद भी आज पर्यंत तहसील प्रारंभ नहीं होने की शिकायत करते हुए बजट में शीघ्र तहसील के लिए भवन निर्माण एवं अधिकारी कर्मचारियों की पदस्थापना कराने की बाते कही और उनको आवेदन भी दिया जिसे विधायक रोहित साहू ने स्वीकारते हुए पहल करने की हामी भरी।

इस अवसर पर नगर विकास एवं संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत हरित, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी, संरक्षक रामूराम साहू, पूर्व नगर पंचायत जगदीश यादव, अनिल चंद्राकर, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश बंछोर, शरद चतुर्वेदी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर, तेजा ध्रुव, कमलेश कश्यप, अशोक साहू, जितेन्द्र शर्मा, किरण सोनी, महेन्द्र सिंह ठाकुर, हरनारायण सूर्यवंशी, रामकृष्ण तिवारी, करीम खान, परमानंद यदु, कुंजन लाल साहू, उत्तम सिंह राजवंशी, खिलावन सोनवानी, वैभव सोनी सहित दर्जनों शामिल थे।

## प्राकृतिक मड थेरेपी, 19 से निशुल्क चिकित्सा शिविर

- समता कॉलोनी स्थित रामनाथ भीमसेन सभा भवन में आयोजन
- उदयपुर के प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम देगी सेवा

**रायपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रांतीय इकाई द्वारा 19 से 25 मार्च तक रामनाथ भीमसेन सभा भवन समता कॉलोनी में निशुल्क प्राकृतिक मड थेरेपी चिकित्सा शिविर आयोजित है। शिविर कंचन सेवा संस्थान उदयपुर के प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम द्वारा सर्व समाज के लिए आयोजित है। इस मौके पर शिविर में कमरदर्द, घुटना दर्द, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, मोटापा, अनिद्रा, कब्ज, गैस, थायराइड, एसिडिटी, जलन मूत्र प्रॉब्लम, अल्सर, त्वचा संबंधी समस्या का उपचार किया जाएगा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, महामंत्री मुरली अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन ने बताया कि शिविर में शामिल होने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं, जिसमें प्रमुख पंजीयन व्यवस्था समिति में अशोक गोयल, कर्तव्य अग्रवाल, प्रमोद जैन, विकास अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल शामिल हैं। इसके अलावा भवन व्यवस्था, भोजन व्यवस्था और टैंट व्यवस्था के लिए समिति बनाई गई है। 23 मार्च को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील गुनियाल एवं मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. निमेश सिंघानिया, दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज अग्रवाल द्वारा निशुल्क जांच कर मरीजों का उपचार किया जाएगा।

# सामाजिक शिक्षा पर दें जोर : इन्द्रकुमार

- सामाजिक कार्य के लिए 51 हजार रुपए देने की घोषणा की
- यादव ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

यादव ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन टोलाघाट(खट्टी) में हुआ। अधिवेशन में विभिन्न ग्राम पंचायतों से जीत कर आए समाज के नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्यों एवं समाज के बुद्धिजीवियो, शासकीय कर्मचारी के साथ 10वीं तथा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के बेटा- बेटियों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते सामाजिक शिक्षा पर जोर देने की अपील की। वहीं अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य अन्नु तारक ने सामाजिक भवन मे शेड निर्माण की घोषणा की, अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य संदीप यदु द्वारा सामाजिक कार्य के लिए 51 हजार राशि की घोषणा की गई। कार्यक्रम में समाज के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की लोगों ने प्रशंसा की। बैठक में सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा आय -व्यय की जानकारी एवं आगामी सामाजिक गतिविधियों के बारे मे चर्चा की गई। वहीं कार्यक्रम में समापन में सामाजिकजनों द्वारा होली मिलन का भी कार्यक्रम सपंन्न हुआ। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अनु तारक, जिला पंचायत सदस्य संदीप यदु, रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु,जनपद उपाध्यक्ष खेलू राम साहू, सोभा राम यादव, हीराराम यादव, विजय यदु, रघुनंदन यादव, गजानन यादव, रामस्वरूप यादव, कुलेश्वर यादव, इतवारी यादव, समाज के मेहत्तर यादव, दौलत राम यदु, गिरधारी यदु, कीशोर यदु, ईश्वर यदु, खेलू राम यदु, हरिराम यदु, चुम्मन यदु, सालिकराम यदु, देवसिंग यदु, मनमोहन यादव, सोमनाथ यादव, प्रभु राम यदु, रमेश यदु, दुष्यंत यादव, गुलषण यदु, शैलेंद्र यदु व विभिन्न क्षेत्र के जनपद सदस्य, सरपंच, पंच सहित बड़ी संख्या मे महिलाएं व सामाजिकजन मौजूद रहे।

# राजधानी का ऐसा अबूझ सामुदायिक भवन, जहां आने-जाने का रास्ता तक नहीं

- नगर निगम की कारस्तानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के बूढ़ापारा क्षेत्र में हनुमान मंदिर के पीछे एक ऐसा सामुदायिक भवन बनाया गया है, जिसका कई लोगों पता तक नहीं मालूम। नगर निगम ने 10 लाख रुपए खर्च कर लोगों के लिए सामाजिक, धार्मिक व पारिवारिक समारोह के प्रयोजन के उद्देश्य से यह भवन सालभर पहले बनाया, पर वहां तक आने-जाने का रास्ता किसी को पता ही नहीं है।

रायपुर दक्षिण के तत्कालीन विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने वार्डवासियों की मांग पर विधायक निधि से राशि स्वीकृत कर सामुदायिक भवन बनाने का मौका दिया, पर अपने तरह का यह अबूझ सामुदायिक भवन लोगों की पहुंच से बाहर है। नगर निगम जोन-4 क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद-सदर बाजार वार्ड में निगम प्रशासन ने 10 लाख खर्च कर वार्डवासियों के लिए 1 वर्ष पहले ही नया सामुदायिक भवन बनवाया, पर भवन बनाते समय इस बात का ध्यान नहीं रखा गया कि सामुदायिक भवन आने-जाने का मार्ग किस ओर रहेगा। आसपास निर्माण होने से हालत ये हैं कि बूढ़ेश्वर चौक स्थित हनुमान मंदिर के पीछे वाली दीवार के पास टूटी हुई छोटी सी जगह को लांघकर यहां तक पहुंचना होता है। यह बात कई लोगों को नहीं मालूम है। लोगों ने जोन-4 दफ्तर का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया है।






- सदर वार्ड में विधायक निधि से 10 लाख खर्च कर बनाया था सामुदायिक भवन

# बच्चों के विदाई समारोह में पालिक अध्यक्ष का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

मिडिल स्कूल बड़े उरला में कक्षा आठवी के छात्रो का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे पालिका की नवनिर्वाचित पार्षद श्रीमती सुशीला हरवंश का भी सम्मान किया गया । इस अवसर पर पार्षद श्रीमती सुशीला हरवंश ने बच्चो को अपना सपना पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने और कभी हार न माने की बात कही वही विशेष एसएमसी अध्यक्ष रामदास मिरी ,उपाध्यक्ष राजेश्वरी हरवंश एवं प्रधानपाठक पवन गुरूपंच ने बच्चो की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते कहा कि जीवन में आगे बढने के लिए सपना देखें,संघर्ष करें,अनुशासन में रहें और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ते रहे एक दिन कामयाबी जरूर हासिल होगी। इस मौके पर आठवी के छात्रो ने अपने अपने विचार व्यक्त कर विद्यालयीन अनुभव को साझा किया,कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियो द्वारा बच्चो को पुष्पाहार से स्वागत कर कलम भेंट किया गया। संकुल समन्वयक व्यासनारायण पटेल की ओर से न्योता भोज कराया गया। इस दौरान पुरणेन्द्र पाल,एकलव्य साहू,इंदुप्रभा साहू,आरती यादव,विजयलक्ष्मी फ़रिकार, फूलमणि माहेश्वरी व पालकगण उपस्थित रहे।



## पेज 9 के शेष...

### लो-वोल्टेज की...

सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

ज्ञात हो कि मैनपुर क्षेत्र को बिजली के मामले में काफी संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है पूर्व वर्षों में इस क्षेत्र के लोगों ने लो वोल्टेज और बिजली कटौती को लेकर उग्र आंदोलन प्रदर्शन और चक्काजाम कर चुके हैं और तो और किसानों के ऊपर चक्काजाम के चलते पूर्व में एफआईआर दर्ज हो चुका है।

### नहीं डरती मरघट...

डॉक्टरो तथा पुलिस की मौजूदगी में जैसा-जैसा उन्हें निर्देश मिलता है वे छीनी हथौड़ी व हथियार से चीरफाड़ शुरू कर देती है। पूछा गया कि क्या लाश से डर नही लगता? जवाब था आज तक तो नही डरी! वे कई तरह के वीभत्स लाशों को देख चुकी है। न तो उन्हें डर लगता है और न ही घृणा! अब तो उनकी पूरी जिंदगी मरघट में ही बीत रहा है। लाशो के चीरफाड़ से उनकी जिंदगी की गाड़ी आगे चल रही है। एक लाश का उन्हें 1500 रूपए मिल जाता है इससे वे अपने परिवार का गुजर-बसर करती है। रोज-रोज तो लाश आती नहीं। जब लाश आती है तो उन्हें ये पैसा मिलता है।

## खबर संक्षेप

### 5वीं का पहला पर्चा हुआ, आज से होंगी 8वीं बोर्ड की परीक्षाएं

**महासमुंद।** केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली अंतर्गत 14 साल बाद सोमवार से कक्षा 5वीं के गणित विषय से बोर्ड परीक्षा शुरू हुई। इसी तर्ज पर मंगलवार 18 मार्च को कक्षा 8 वीं की गणित विषय से बोर्ड परीक्षा शुरू होगी।

बता दें कि 2010-2011 के बाद से ही पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा बंद है। तब से लेकर गत शिक्षण सत्र तक स्थानीय परीक्षा अंतर्गत बच्चों को फेल नहीं किया जा रहा था। पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं इससे पूर्व जिला स्तर पर ही घरेलू स्तर पर ली जाती थी और इसके प्रश्नपत्र स्कूल स्तर पर ही तैयार होते थे। इस वर्ष से स्कूल शिक्षा विभाग ने पांचवीं और आठवीं परीक्षाओं को फिर से बोर्ड पैटर्न की तर्ज पर लेने का निर्णय लेते हुए आदेश जारी कर दिए थे। परिणामस्वरुप प्रश्नपत्र स्कूल शिक्षा विभाग भेजेगा और मूल्यांकन के लिए कापियां दूसरे जिलों में भेजी जाएंगी।

जिले के 1429 परीक्षा केंद्रों में पांचवीं की परीक्षा शुरू हुई। इस साल इस परीक्षा में भाग लेने के लिए 17180 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया है।

## निधन

### इंदकुंवर देवी शर्मा



**राजिम।** राजिम ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा की माता इंदकुंवर देवी शर्मा उम्र 95 वर्ष का निधन सोमवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार राजिम के स्वर्णतीर्थ घाट में किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोग तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उनकी चिता को बड़े बेटे अरूण शर्मा ने मुखाग्नि दी। इसके पश्चात दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, ध्रुवकुमार शर्मा, लोकेश पांडे, चंद्रशेखर मिश्रा, आलोक शर्मा, मनीष दुबे, सुनील तिवारी, नंदकिशोर शर्मा, भावेश ठाकुर, आशीष राजपूत, ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, श्यामकिशोर शर्मा सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक ब्राम्हण समाज के लोग मौजूद थे।

### राजू ढीढी



**छुईहा बेलर।** ग्राम बिजली निवासी राजु राम ढीढी उम्र 48 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे पठारडीह में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। वह ग्राम अध्यक्ष मणिराम ढीढी के सुपुत्र एवं शिक्षक वेदराम ढीढी के भाई थे।

**विडंबना : जिस ग्राम से पांच बार भाजपा के विधायक चुने गए आज पानी के लिए तरस रहे**

# मुनगापदर के ग्रामीण झरिया का पानी पीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ जल जीवन मिशन के तहत पानी के टंकी का निर्माण किया गया लेकिन नहीं मिल रहा है पानी

केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार ने हर घर पानी उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन योजना की शुरूआत किया है जिसके तहत लाखों -करोड़ों रुपए खर्च किया जा रहा है लेकिन जिले के मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचलों में इस योजना का जो लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए जो नहीं मिल पा रहा है। हालंकि शासकीय रिकार्ड में योजना टकाटक चल रही है लेकिन जमीनी हकीहक और कुछ है। बूंद भर पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। ऐसी ही एक मामला ग्राम मुनगापदर का है। आपको यह जानकार आश्चर्य होगा कि ग्राम मुनगापदर से पांच बार भाजपा के विधायक चुने गये है बावजूद इस ग्राम के लोगों को जल जीवन मिशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और तो और यहां के ग्रामीण नदी नाले में झरिया खोदकर प्यास बुझाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इस मामले पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा ने कहा की जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्राम मुनगापदर में किए गए निर्माण कार्य की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से करेंगे।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की महती जन कल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर नल से जल योजना लागू हुई जो हर गांव में पीने योग्य जल की व्यवस्था करने के लिए जिले के विकासखंड मैनपुर उड़ीसा तटवर्ती ग्राम मुनगापदर के लिए भी 4 हजार लीटर जल क्षमता की टंकी स्वीकृति हुई थी जिसका निर्माण कार्य ऐसे ठेकेदार को कार्य दे दिया गया जिसे एक नल टोंटी लगाना नहीं आता है। इस निर्माण कार्य के संबंध में भाजपा जिला गरियाबंद के पूर्व जिला महामंत्री एवं वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा ने कहा की ग्राम मुनगापदर में पीने की पानी की गम्भीर समस्या है। उक्त ग्राम में चल रहे टंकी निर्माण के सम्बंध में जानकारी लिया तो बताया गया यह योजना से कोई लाभ नहीं है बिना जल स्त्रोत के टंकी निर्माण हुआ है जो दिखावा है और निर्माण भी हुआ है वह घटिया व निम्नस्तर सामग्री से बना है जो कभी भी ढह सकता है।







### नहीं आते जिम्मेदार अधिकारी



इस संबंध में भाजपा के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा की गांव में निर्माण किये गये जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी से पानी नहीं निकल रहा है। कभी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी यहां आते ही नहीं है और तो और ग्रामीणों को झरिया नदी नाले से पानी लाकर प्यास बुझाना पड़ रहा है। पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से करेंगे।

### 20-22 हैंडपंप, सिर्फ एक में ही निकलता है पानी

उन्होने बताया की यह ग्राम शुष्क एरिया आता है 20-22 हैंडपंप खनन किया गया है लेकिन पानी नहीं निकलता सिर्फ एक हैंडपंप से पानी आ रहा है जिसके कारण ग्रामीणों को निस्तारी व पीने के लिए तेलनदी में झरिया खोदकर पानी लाना पड़ रहा है। यूं कहें कि पांच बार के विधायक ग्राम मुनगापदर को पीएचई विभाग ने ठेंगा दिखा दिया। यह बताना लाजिमी होगा छत्तीसगढ़ प्रदेश के 653 गांवों में बिना जल स्त्रोत के टंकी निर्माण में एक गांव मुनगापदर भी है जिसे जिला जल उपयोगिता ने अनुमोदन किया गया है। श्री सिन्हा ने बताया कि तत्कालीन विधायक डमरूधर पुजारी ने अपने प्रयास से 2009 में उक्त गांव के लिए पीने व निस्तार के लिए पानी पहुंचाने ग्राम मटिया से बोर खनन करके पाइप लाइन बिछाकर व्यवस्था की गई थी किन्तु अमलीपदर से देवभोग तक सड़क चौड़ीकरण व मजबूतीकरण निर्माण लोकनिर्माण विभाग के द्वारा कराए जाने के कारण विभाग के ठेकेदार ने इस ग्राम के बिछे पाइप लाइन को तहस-नहस कर दिया जिसे कभी दूरस्त करने जरूरत महसूस नहीं किया गया।

# साहू समाज का हुआ होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



रंगों के त्यौहार होली नगर साहू संघ राजिम के पार क्रमांक 1 द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, संरक्षक चमरू साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, संगठन मंत्री अमृतलाल साहू एवं लीलाराम साहू अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान श्री राजीव लोचन एवं राजिम भक्तिन माता की मूर्ति में रंग गुलाल लगाकर एवं पूजा पाठ कर होली मिलन समारोह की शुरूआत किए। सामाजिक समरसता आपसी भाईचारा प्रेम एवं सौहार्द्र के प्रतीक रंगों के त्यौहार होली पर्व को सामाजिक पदाधिकारियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति हरवा मिठाई माला से स्वागत कर सौहार्द्रपूर्वक होली मनाएं। होली मिलन समारोह में प्रमुख रूप से बंधु साहू, राजू साहू, तरुण साहू, कमल साहू, मुकेश साहू, रूपलाल साहू, लोकेश साहू, संजय साहू, गजानंद साहू, उमानंद साहू, मेहत्तरराम साहू, पवन साहू, सीबूराम साहू , बसंत साहू, नगर साहू संघ राजिम के पार क्रमांक एक के सदस्य गण शामिल थे।

### दिव्यांग आश्रम के बच्चों ने मनाई होली

**नवापारा-राजिम।** होली के अवसर पर अनाथ व दिव्यांग बच्चों के आश्रम चंपारण में संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में होली महोत्सव कार्यक्रम में सरपंच अनिल साहनी, उपसरपंच दुष्यंत साहू , रिखी निषाद, नोमेश साहू सहित अनेक लोग शामिल हुए। आश्रम के दिव्यांग बच्चों के साथ गुलाल लगाकर होली मनाया गया। इस अवसर पर मुकुंद दास, देवा प्रभु, हरिप्रिया देवी के हरि नाम संकीर्तन कार्यक्रम हुआ। अनामिका गोस्वामी ने आभार व्यक्त किया।



### पन्ना बने सरपंच संघ अध्यक्ष

**छुरा।** जनपद पंचायत के अंतर्गत नवनिर्वाचित सरपंच की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पन्नालाल ध्रुव को सरपंच संघ का अध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव में अन्य सरपंचों ने भी दावेदारी की थी। संरक्षक अशोक ध्रुव, राजकुमारी ध्रुव, सलाहकार दुवासु राम, रूपउ राम, हेमलाल नेताम, सचिव दीपक कुमार ध्रुव, सहसचिव यशवंत ठाकुर, उपाध्यक्ष रूपा देवी ठाकुर, चेतन ठाकुर, भानू ध्रुव, राधे दीवान, जगबाई, मीडिया प्रभारी चम्पेश्वर ध्रुव, कोषअध्यक्ष देव कुमार दीवान, कार्यकारी सदस्य गोदावरी बाई, हेमलता ध्रुव, डीगेश्वरी ठाकुर, छतेश्वरी ध्रुव, थनेश्वर कुमार ध्रुव, पार्वती कंवर घटकर्रा, भुपेन्द कुमार ध्रुव तोरेगा, देव कुमार दीवान बोडरा बांधा, पुलेश्वरी ध्रुव भैसा मुड़ा, सरिता बाई टोनही डबरी, चन्द्रिका नेताम केवटी झर हैं।



# उड़नदस्ता की टीम व अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा को लेकर इस बार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा उड़न दस्ता के टीमों के साथ-साथ मंडल के अधिकारी भी परीक्षा केन्द्रों में पहुंचकर सघन निरीक्षण कर रहे है। इसी कड़ी में कक्षा 10वीं विज्ञान विषय की परीक्षा में संभागीय सहायक सचिव नारायण मजूमदार के नेतृत्व में अवर सचिव भोजराम साहू एव सतानंद मिश्रा कक्ष अधिकारी परीक्षा संभाग रायपुर के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डुका, शासकीय उमावि खड़मा, शासकीय ठाकुर दलगंजन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर, शासकीय उमावि भसेरा तथा शासकीय उमावि बासीन जिला गरियाबंद के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरिक्षण किया। परीक्षा केन्द्रों में निरीक्षण के दौरान केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा केंद्रों में विषय से संबधित शिक्षकों की डूयटी नहीं लगाए जाने, बिजली व्यवस्था एवं बैठक व्यवस्था भी दुरुस्त करने का निर्देश निरीक्षण टीम द्वारा दिए गए। अवर सचिव भोजराम साहू द्वारा प्रश्न पत्रें में रोल नंबर अंकित करने के निर्देश दिए तथा परीक्षा केंद्रों में परीक्षा सुचारू रूप से संचालित होना पाया गया। उक्त जानकारी अवर सचिव भोजराम साहू के द्वारा दी गई।

# तालाब गहरीकरण एवं पिचिंग का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम पंचायत उल्बा के सरपंच नेहरू लाल साहू एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा अर्चना एवं भूमिपूजन कर अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब गहरीकरण एवं पिचिंग का कार्य का आरंभ किया गया। सरपंच नेहरू साहू ने बताया कि मुख्य तालाब बहुरबंद तालाब में कार्य प्रारंभ होने से गांव के जनता एवं मनरेगा में कार्य कर रहे लोगों मे उत्साह है। वहीं 25 लाख से भी अधिक राशि से निर्मित होने वाले इस कार्य से गांव के विकास को गति तो मिलेगी। ही साथ ही लोगों की दैनिक उपयोग के लिए हितकारी साबित होगी। इस अवसर पर उपसरपंच सुशीला सोनवानी, कन्हैया शर्मा, होरी साहू, रामजी तारक, देवधर साहू, विष्णु ओझा, रुखमणी राठी, भुवनेश्वरी तारक, चंदबली भारद्वाज, दिलेश्वर कोसले, लकेश यादव, ओमेश्वरी तारक, बृजेश पांडे, पप्पू ध्रुव, गुलाब साहू, कोमल पांडे, भारत धृतलहरे, चैतराम सपहा व अन्य लोगों उपस्थित रहे।



# निजी खर्च से मोटर पंप लगवाकर गांव के गोटिया तालाब में पानी भरने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ गर्मी की मार झेल रहे ग्रामीणों को राहत देने मुड़ागांव के सरपंच का अनोखा प्रयास

भीषण गर्मी के कारण पानी की किल्लत से जूझ रहे मैनपुर विकासखण्ड के मुड़ागांव के निवासियों और गोवंश के लिए राहत की खबर आई है। ग्राम पंचायत के नव–निर्वाचित सरपंच हलमन ध्रुवा ने पदभार ग्रहण करने से पहले ही एक मिसाल पेश की है। उन्होंने अपने निजी खर्च से मोटर पंप लगवाकर गांव के गोटिया तालाब में पानी भरने की व्यवस्था शुरू कर दी है। मुड़ागांव में स्थित गोटिया तालाब लंबे समय से सूखा पड़ा था, जिससे न सिर्फ ग्रामीणों को नहाने-धोने और अन्य दैनिक कार्यों के लिए परेशानी हो रही थी, बल्कि क्षेत्र के गोवंश और अन्य मवेशियों को भी पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए सरपंच हलमन ध्रुवा ने एक किसान से बातचीत कर उसकी पुरानी पड़ी बोरवेल से तालाब में पानी भरने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने खर्च से मोटर पंप लगवाया और तालाब में पानी भरने का कार्य शुरू कर दिया।

**प्रेरणा बने हलमन ध्रुवा-** हलमन ध्रुवा की यह पहल अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी एक प्रेरणा बन गई है बिना सरकारी फंड के भी जनहित के काम किए जा सकते हैं यह उन्होंने साबित कर दिया है। अब देखना होगा कि सरपंच के इस शुरुआती कदम के बाद गांव के अन्य विकास कायोंर् में भी कितनी तेजी आती है। ग्रामीणों को हलमन ध्रुवा से बड़ी उम्मीदें हैं कि आने वाले दिनों में वह ग्राम पंचायत के अन्य जरूरी कायोंर् को भी इसी तत्परता से पूरा करेंगे। मुड़ागांव सरपंच हलमन धुरवा ने सहायता राशि प्रदान किया विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुड़ागांव के सरपंच हलमन ध्रुवा ने अभी पदभार भी ग्रहण नही किया है और जनता की सेवा के लिए लगातार कार्य कर रहे है। ग्राम पंचायत मुड़ागांव आश्रित ग्राम कुंडेरापानी के मुकेश कुमार नागेश के सुपुत्र रूद्रेश कुमार नागेश के तीज नहान कार्यक्रम के लिए हलमन ध्रुवा सरपंच के द्वारा 2000 रुपए की सहायता राशि एवं रेवती सोरी 2000 एवं ग्राम पंचायत दाबरीगुड़ा के सरपंच ललिता ध्रुवा ने शर्मा लाल यादव तीज नहान कार्यक्रम के लिए 2000 सहायता राशि प्रदान किया चुनाव से पूर्व उन्होने अपने घोषणा पत्र में ग्रामीण के सुख -दुख में सहयोग करने की घोशणा किया है उन्होने अपने घोषणा अनुसार वायदा पूरा किया है।



### बिना सरकारी मदद के अनूठी पहल

गौरतलब है कि हलमन ध्रुवा और बाकी पंचगण ने यह प्रयास बिना किसी सरकारी सहायता या फंड के किया है अक्सर ऐसी परिस्थितियों में जनप्रतिनिधि सरकारी फंड के इंतजार में रहते हैं, लेकिन हलमन ध्रुवा ने इस सोच को तोड़ते हुए खुद के पैसों से व्यवस्था की। उनका यह कदम ग्रामवासियों के लिए राहत तो है ही, साथ ही यह अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी एक मिसाल है। हलमन ध्रुवा के इस प्रयास की सराहना पूरे क्षेत्र में की जा रही है ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच ने चुनाव जीतने के बाद ही यह साबित कर दिया है कि वह सिर्फ वादे नहीं, बल्कि काम में विश्वास रखते हैं। स्थानीय निवासी गोबिंद प्रधान ने कहा, "हमारे गांव के गोवंश और ग्रामीणों के लिए पानी की समस्या बहुत गंभीर थी सरपंच ने अपने निजी प्रयास से इस समस्या को हल करने की पहल की है, जो काबिले तारीफ है।



### जौंदा में तालाब गहरीकरण का भूमिपूजन

**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत जौंदा में रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्य का भूमि पूजन सरपंच इंद्राणी-खोरबाहरा साहू एवं पंच भुनेश्वरी साहू, पानबाई साहू, खेमा साहू, हेमलता नारंग , किरण कोसले, केसरी ध्रुव, उपसरपंच दिनेश यादव, हीरालाल ध्रुव, इतवारी सतनामी, संजू यादव द्वारा किया गया।

# कांग्रेसियों ने थाना में दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसजनो ने थाना पहुंचकर ज्ञापन दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ की गई अनर्गल टिप्पणी के विरोध में यह ज्ञापन था। बड़ी संख्या में कांग्रेस जन नवापारा थाने पहुंचकर सीएसपी से लिखित शिकायत करते हुए ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि नवापारा-राजिम त्रिवेणी संगम के नाम से ग्रुप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को गंदी गालियां लिखी गई है जिसकी कांग्रेसजनों ने कड़ी निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई। मौके पर नपा के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, महामंत्री राजा चावला, सुरेश बोथरा, मितेश शाह ,पार्षद अर्जुन साहू, अजय साहू, हेमंत साहनी, फागू देवांगन, रामरतन निषाद, राकेश सोनकर, निर्माण यादव, सुरेन्द्र साहू, प्रतीक साहू, मानसिंह ध्रुव, बीरबल राजपूत, गुड्डू मिश्रा, बल्लू देवांगन, गौतम निषाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे।



HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### खुटेरी सरपंच ने खुडियाडिही में गलियों की सफाई करवाई

**छुईहा बेलर।** विकास खंड फिंगेश्वर अन्तर्गत पंचायत खुटेरी को स्वच्छ व सुंदर पंचायत बनाने का अभियान नव पदस्थ युवा सरपंच बेनीशंकर साहू ने शुरुआत कर दी है। बताया गया कि पंचायत के खुटेरी आश्रित ग्राम खुडियाडिही गांव में गलियों की साफ-सफाई किया जा रहा है। अभियान के शुरू होने से पंचायत के लोगों पर स्वच्छता को लेकर सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी सफाई के प्रति जागरूक करने की अपील की सरपंच ने की है। कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण का होना जरूरी है। उन्होंने स्वभाव में स्वच्छता व संस्कार में स्वच्छता को जीवन में अमल करने की बात कही। मौके पर वार्ड पंच, ग्राम मुखिया, पंचायत कर्मी नूतन साहू व ग्रामीण मौजूद थे। नवनिर्वाचित सरपंच बेनीशंकर साहू ने कहा कि ग्राम पंचायत खुटेरी की विकास मेरी पहली प्राथमिकता हैं गांव की विकास कार्यों में रफ्तार पकड़ेगी उन्होंने कहा कि ग्राम की बैठक आयोजित कर ग्राम पंचायत अंतर्गत सभी ग्रामीणों का समस्याओं पर सामंजस्य बनाकर निराकरण करेंगे और विकास को लेकर भी जानकारी मांगेंगे ताकि गांव की विकास तेजी से हो सके। इस दौरान पंच पहलाद निषाद, चित्तरंजन सेन, ढाल चंद निषाद, भूत्य हुमेश्वर निषाद, रुपचंद साहू, दाऊ लाल साहू, हीरेन्द्र साहू, लूकेश्वर ध्रुव, मनहरण सेन डुमेश निषाद आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाई गई होली, जमकर उड़े रंग

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के वार्ड नंबर 3 में होली पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाई गई जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा रंग, गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शुक्रवार को ग्राम खरोरा में होली का बड़ी धूमधाम से मनाई गई होली शांतिपूर्ण रही होली की उमंग गुरुवार से ही दिखने लगा था।

### खल्लारी मातेश्वरी ट्रस्ट कमेटी की बैठक आज

**खल्लारी।** धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी स्थित श्री खल्लारी मातेश्वरी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के कार्यकारिणी व आजीवन सदस्यों का बैठक मंगलवार 18 मार्च को दोपहर 12 बजे से श्री जगन्नाथ स्वामी के मंदिर कार्यालय में रखा गया है। जिस आयोजित बैठक में चैत्र नवरात्र व खल्लारी मेला महोत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा होगी। उक्त बैठक की जानकारी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सचिव तोषराम साहू ने दी है।

### सोनई रूपई मंदिर में नवरात्र की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में चैत्र नवरात्र पर्व पर माता सोनई रूपई मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किए जाएंगे। 30 मार्च घटना स्थापना श्री शैलपुत्री, वेदी पूजन प्रातः 11.36 से 12.24 बजे तक, 2 अप्रैल बुधवार को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन 8 बजे से, 5 अप्रैल महागौरी पूजन कार्यक्रम शाम 4 बजे होगा। उक्त जानकारी सुभाष शर्मा, होरीलाल साहू, कमलेश कुमार ध्रुवंशी, गजेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू ने दी।

### ब्राह्मण समाज का होली मिलन कल

**महासमुंद।** सर्व ब्राह्मण समाज महासमुंद के तत्वावधान में 19 मार्च बुधवार को शाम 5 बजे से आश्रम रोड समाज भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी विप्रजन उपस्थित रहकर प्रेम व सौहार्द्रपूर्वक नगाड़ों के थाप व सुमधुर फाग गीत के साथ रंगोत्सव का आनंद लेंगे तथा 30 अप्रैल को सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली जाने वाली भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा के तैयारी व आगामी कार्यक्रमों के संबंध में करें।

# प्रशासन व नागरिकों की सहभागिता से जिले में भू जल स्तर को बढ़ाया जा सकता है : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्थानीय स्तर पर भू-जल प्रबंधन एवं संरक्षण के तहत तृतीय स्तरीय प्रशिक्षण एवं जल संवाद कार्यशाला का एक दिवसीय आयोजन किया गया। कार्यशाला में केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड रायपुर के क्षेत्रीय निदेशक डॉ प्रवीर कुमार नायक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जी.आर. मरकाम प्रमुख रूप से मौजूद थे। अतिथियों ने जल कलश में जल डालकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग करने, पानी की हर बूंद का संचयन करने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात जल संरक्षण और भू-जल प्रबंधन के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में भू-जल स्तर के नीचे चले जाने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। इसके लिए ना केवल जिला प्रशासन बल्कि आम नागरिकों को भी अपनी सहभागिता निभानी होगी। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर पानी की कमी को दूर करने के लिए स्थल चिन्हांकन कर जल संरक्षण आज की आवश्यकता है। वहीं रैन वाटर हार्वेस्टिंग, वॉटर रिचार्ज स्ट्रक्चर, नाले, तालाब इत्यादि तैयार कर भी पानी की बचत की जा सकती है। इसके लिए जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, वन, सहित संबंधित विभागों और पंचायत व नगरीय निकायों को सजग होकर कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भू-जल स्तर बनाए रखने के लिए व्यापक स्तर पर सहभागिता निभाना पड़ेगा, जिससे जल स्तर बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर स्ट्रक्चर बनाने के लिए सही स्थल चिन्हांकित किया जाए। साथ ही आम नागरिकों, कृषकों को जोड़कर जल संरक्षण के लिए और अधिक जागरूक करने की जरूरत है।

### भू-जल प्रबंधन एवं संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



#### पद्धति से खेती करने से धान में नहीं लगती बीमारी भी

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनीष चौरसिया ने कहा कि किसानों को श्री पद्धति से धान की खेती करना चाहिए, इससे पानी की बचत होती है और पैदावार भी अच्छी होती है। खेत में एक-दो इंच पानी रहने से भी अच्छे से खेती की जा सकती है। इस पद्धति से खेती करने से धान में बीमारी भी नहीं लगती। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एसके बर्मन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री विप्लव घृतलहरे, कृषि विभाग के उप संचालक श्री चंदन रॉय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल, समस्त जनपद सीईओ सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## समस्या : शहर के मुक्तिधाम के किनारे महानदी में पानी का नामोनिशान नहीं

# महानदी की थमी धार, अंतिम संस्कार में पहुंचे लोग नहाने के लिए तरसते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

तस्वीर में नदी का ये दृश्य जो दिख रहा है वह राजिम शहर के मुक्तिधाम के किनारे महानदी का है। धार थम गई है, पानी का नामोनिशान नहीं है। यहां अंतिम संस्कार में पहुंचने वालों को नहाने एवं शुद्धिकरण के लिए तरसना पड़ रहा है। आखिर ये हालात कैसे बना? एक जमाना था जब महानदी में बारहो माह पानी की धार बहती नजर आती थी। लोग यहां नहाते थे पर अब तरसना पड़ रहा है। बारिशकाल में महानदी जब ऊफान मारती है तो लोगों की भीड़ यूं ही तट से देखने के लिए पहुंच जाती है।

एक जमाना वह भी था जब इसी महानदी में किसान तरबूज, खरबूज, मूंगफल्ली, प्याज, टमाटर और अन्य सब्जी भाजी की खेती किया करते थे। इससे उन्हें रोजगार मिला रहता था और आय भी होती थी। परिवार का गुजारा चलता था। ये सब कहानी किस्सा बनकर रह गया है। महानदी के इस हाल को देखकर सबको पीड़ा होती है। नदियों की हालत इस समय जो बनी हुई है उस पर यदि सक्षम लोग चिंता नहीं किए तो आने वाले समय में कितनी दुर्गति होगी कल्पना से बाहर है। ज्यादा दिन नहीं हुए है ऐसे हालात बने। करोड़ो-अरबों रूपए दीगर योजनाओं में शासन के खर्च हो जाते है पर नदियों के बारे में सोचने वाला भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चाहते है कि नदी का संरक्षण हो, साफ-सफाई हो, स्वच्छता कायम रहे और पानी की धार चलती रहे। राजिम मेले के समय फरवरी में केवल दिखाने के नाम पर सिकासार जलाशय से पानी छोड़ दिया जाता है और उसके बाद बंद। इस साल गर्मी अभी से तेज पड़ने लगी है। वाटर लेवल बहुत तेजी के साथ नीचे चला जा रहा है। पानी के लिए त्राहिमाम मचना शुरू हो गया है। महानदी में जब पानी रहता है तो वाटर लेवल सही रहता है जैसे ही पानी कम होता है या धार सुख जाती है वैसे ही वाटर लेवल डाऊन हो जाता है। इसके प्रमुख कारण केवल रेत उत्खनन को माना जा रहा है। जगह-जगह नदी में रेत उत्खनन का काम जायज-नाजायत तरीका से दबंगों द्वारा की जा रही है।



#### एनीकटों में पानी न के बराबर

एनीकट जगह-जगह बनाया जरूर गया है मगर उसमें पानी रोकने का समझों कोई प्लान ही नहीं है। सारे एनीकटों में पानी न के बराबर है। राजिम में रांवड़-टीला एनीकट, नवागांव एनीकट, दुलना एनीकट और पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल के नीचे एनीकट बना हुआ है। मात्र चार किमी के दायरे में पांच एनीकट है जरूर मगर इनके रख-रखाव के जिम्मेदार जल संसाधन विभाग की लापरवाही साफ नजर आ रही है। न जाने इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया जाता समझ से परे है?

# दो अंतरराज्यीय तस्करों से 6 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर/ छुईहा बेलर

फिंगेश्वर पुलिस के द्वारा दो अंर्तराज्यीय तस्करों से 6 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ धर दबोचा है। उनके पास से परिवहन करते हुए 1 स्कूटी एवं 2 नग मोबाइल जप्त करते हुए नारकोटिक एक्ट की धारा के तहत कार्यवाही की है। एक के बाद एक कार्यवाही के चलते नशे के अवैध कारोबार करने वाले अपराधियों मे हड़कम मचा है।



■ गांजा समेत एक स्कूटी एवं 2 नग मोबाइल जब्त

जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत गांजा,शराब, जुआ, सट्टा पर कार्यवाही करने मे लगे हुए हैं। इसी कार्यवाही के परिपालन मे दिनांक 16.03.2025 को फिंगेश्वर थाना प्रभारी पवन वर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति उड़ीसा से गांजा लेकर दूसरे व्यक्ति को माल पहुंचाने के लिए उड़ीसा राज्य से छुरा होते हुए ग्राम कुण्डेल की और आ रहे है। सूचना पर मुखबिर द्वारा बताये गए स्थान पर हमराह स्टाफ के साथ ग्राम छुईया में मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिया के आधार पर आरोपी को पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर ही धर दबोचा गया। नाम पता गांजा बिक्री के संबंध में पूछने पर वह अपना नाम मंगल पाल पिता सुखलाल पाल उम्र 46 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 01 हीरापुर थाना कबीरनगर जिला रायपुर का निवासी बताया। वह उड़ीसा से आने वाले गांजा डिस्ट्रीब्यूटर रूपांता मांझी पिता रत्ना मांझी उम्र 21 वर्ष साकिन मारदिग थाना एम रामपुर जिला कालाहांडी उड़ीसा से गांजा लेकर बिक्री हेतु रायपुर जाने वाला था जिसे पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल में ही पकड़ लिया गया। घटना स्थल पर ही आरोपी के पास से एक सफेद रंग के बोरी के अंदर से 04 किलो ग्राम 100 ग्राम एक पीले रंग की बोरी में 2 किलो ग्राम, 02 नग मोबाइल,एक स्कूटी कुल जुमला कीमती 1,51,000 रुपये को बरामद कर जप्त किया गया।आरोपी को उक्त कृत्य पर नारकोटि एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

## नपाध्यक्ष ने स्टॉफ के साथ मनाई होली ...



**राजिम।** राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव ने नगर पंचायत के पूरा स्टॉफ एवं सफाई कर्मचारियों के साथ होली का पर्व मनाया।

# पूर्व सरपंच पूर्ण हिसाब के साथ प्रभार देने को तैयार, सचिव हड़ताल पर, फिर अटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिंगेश्वर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत चैतरा में पूर्व सरपंच संजय कंडरा के प्रभार को पंचायत सचिव गोवर्धन निषाद द्वारा वर्तमान नव पदस्थ सरपंच गणेशिया बाई साहू को पूर्व हिसाब - किताब दस्तावेज देने में आनाकानी कर रहा है। ग्राम पंचायत के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रभार हस्तांतरण आवश्यक है।

■ ग्राम पंचायत चैतरा सरपंच ने प्रभार हस्तांतरण की मांग की

बताया गया की पूर्व सरपंच एवं सचिव द्वारा दो बार समय निर्धारित करने पर नए पुराने सभी पंच, वरिष्ठ ग्रामवासी वर्तमान सरपंच के साथ पंचायत भवन चैतरा में शनिवार - रविवार को इंतजार करते रहे पर पूर्व सरपंच एवं पंचायत सचिव नहीं आए। प्रभार हस्तांतरण से इनकार करने के बारे में गड़बड़ी की अंदेशा करते लिखित या मौखिक सबूत इकट्ठा करने की जानकारी दी। सभी ने एकमत राय से जनपद पंचायत फिंगेश्वर मुख्यकार्यपालन अधिकारी स्वप्निल ध्रुव से शिकायत की जायेगी। इधर पूर्व सरपंच संजय कंडरा ने कहा की प्रभार हस्तांतरण करने में कोई दिक्कत नहीं है अतिशीघ्र प्रभार दे दिया जायेगा। कहा की पंचायत की दस्तावेज लेखन पूर्ण नहीं होने से कुछ विलम्ब जरूर हुआ है। किसी प्रकार कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। पंचायत सचिव गोवर्धन निषाद ने कहा की कागजी लेखन कार्यवाही शेष होने के प्रभार नहीं दिया जा सका था। अब पूर्ण हो गया है। प्रभार हस्तांतरण कार्यवाही देने तैयार है। फिर हाल पंचायत सचिव संघ की ओर से हड़ताल पर हैं। प्रभार मांग करने वालों में ग्राम पंचायत चैतरा सरपंच गणेसिया रविराम साहू, उपसरपंच परमेश्वरी मनोज यादव, छैला बाई यादव केवरा बाई साहू, भुनेश्वरी साहू, अनिल साहू, पन्ना खुटे, बिंदु साहू, सकून ध्रुव, पावन ध्रुव, गोविन्द ध्रुव, श्री राम साहू, गैद लाल खुटे, गजेंद्र ध्रुव, लोचन साहू, नीनी खुटे, उषा साहू, रीना यादव, भान बाई ध्रुव, रुखमनी बाई ध्रुव, चोवा खुटे, नरेश साहू, भुनेश्वर साहू, गोपाल साहू, खुमन साहू, महेश साहू, गजानंद साहू, कुंजबिहारी साहू, जागेश्वर साहू, लाल चंद खुटे, वासुदेव यादव सरपंच, पंच, वरिष्ठ ग्रामवासी उपस्थित थे।



## आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आज से होगा शुरू

**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा कोसमी में नैक राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद पर गहन विचार विमर्श के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। 18 मार्च से शुरू होने वाला यह कार्यक्रम नैक प्रत्यायन मापदंड, प्रक्रिया और आदर्श कार्य पद्धतियां विषय पर केंद्रित रहेगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता में सुधार एवं बनाए रखने और अनुसंधान में सक्रिय भागीदारी के लिए शिक्षकों एवं संकाय सदस्यों के लिए राज्य के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के शिक्षाविद् अपने विचार साझा करेंगे। मंगलवार को उद्घाटन समारोह के मुख्य वक्ता ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी, रायगढ़ के कुलपति प्रो. आरडी पाटीदार होंगे। इसी क्रम में बुधवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर के पूर्व कुलपति प्रो शैलेन्द्र कुमार सिंह होंगे। गुरुवार को एमिटी एवं आईटीएम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ आर.के पांडेय होंगे। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आर. श्रीधर शुक्रवार को वक्तव्य देंगे। कार्यक्रम का समापन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो एसके पांडेय और श्री शंकराचार्य तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. लक्ष्मी शंकर निगम के वक्तव्य के साथ होगा। पाँच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और प्रशासकों को नैक प्रत्यायन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों, गुणवत्ता संवर्धन रणनीतियों और डेटा प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षित करना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनन्द महलवार ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी शैक्षणिक माहौल में **NAAC** प्रत्यायन किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान की गुणवत्ता और प्रतिष्ठा का परिचायक बन चुका है। यह न केवल संस्थानों को शिक्षण, अनुसंधान और प्रशासन में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सहायक है, बल्कि छात्रों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करता है। **NAAC** प्रत्यायन संस्थानों को निरंतर सुधार, नवाचार और अकादमिक श्रेष्ठता के लिए प्रेरित करता है। हमारा विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमारी प्राथमिकता छात्रों को उत्तम शिक्षण पद्धतियाँ, अनुसंधान के अवसर और उत्कृष्ट शिक्षण माहौल प्रदान करना है। हम इस **FDP** कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा जगत के अग्रणी विशेषज्ञों को आमंत्रित कर रहे हैं ताकि वे अपने अनुभव और विशेषज्ञता हमारे शिक्षकों और प्रशासकों के साथ साझा कर सकें।

## सर्दी-जुकाम के साथ बुखार की भी मिल रही शिकायत

# मार्च में ही अप्रैल-मई की गर्मी का हो रहा एहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में इस वर्ष मार्च में ही इस कदर तपने लगा कि अप्रैल मई की गर्मी याद आने लगी है। क्षेत्र का तापमान 38 डिग्री के करीब पहुंचने से इसका असर जन जीवन पर दिखाई देने लगा है। उल्लेखनीय है कि इस बार फरवरी माह से ही गर्मी की शुरुआत होने लगी थी, लेकिन बीच-बीच में मौसम में ठंडक आने से राहत मिल रही थी, लेकिन मार्च माह के शुरूआत से ही अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिसके चलते इस बार अभी से ही अप्रैल मई की गर्मी का अहसास होने लगा है। इसका असर लोगों के सेहत पर पड़ने लगा है। इसके साथ ही सर्दी जुकाम के साथ बुखार की भी शिकायत मिल रही है। वहीं मौसम को देखते हुए प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला के डॉ. राहुल नेताम का कहना है कि मौसम में उतार चढाव को देखते हुए धूप में कम से कम बाहर निकले, साथ ही अगर डिहाइड्रेशन की शिकायत हो तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराएं, ताकि समय से पहले उपचार मिल सकें। साथ ही साथ अंचल में गर्मी शुरू होते ही जलसंकट गहराने लगा है क्योंकि पीएचई विभाग की लापरवाही से कई गांवों में पानी टंकी चालू नहीं हुआ है। और ग्राम पंचायत दादरगाव नया के आश्रित ग्राम फूलबाहरा में ठेकेदार की वजह से जलजीवन मिशन के तहत बनने वाले पानी टंकी का निर्माण समय पर नहीं हो सका है, इससे लोगों को पीने का पानी तक के लिए जूझना पड़ रहा है। सरकार के घर घर पानी पहुंचाने के लिए बनाए जलजीवन मिशन फेल होते नजर आने लगा है। नदी नाले, तालाब सुखने लगे हैं, ऐसे में लोगों को पीने के पानी के साथ साथ आम निस्तारी के लिए भी पानी की समस्या हो रही है। तो वहीं भू जल स्तर नीचे जाने से हेडपंप अभी हांपने लगा है। पानी की रफ्तार कम होने से पर्याप्त मात्रा में लोगों को पानी नहीं मिल पाता है। यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में पेयजल का संकट गहराने से और भी दिक्कतें हो सकती है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025,
25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411